११ गमग–गमग–रेसा–पधप–पधप–मग–नीसांनी–नीसांनी– धप–गंमंग–गंमंग–रेंसां–नीसांनी–नीसांनी–धप–पधप–पधप–मग–गमग–गमग–रेसा

क्र. २८ राग–धनाश्री (समाज अंग), स्थाल; एकताल

दीन दयालु सुने जबते तबते मनमें कछु ऐसी बसी है ॥ ध्रु० ॥ तेरो कहायके जाऊं कहां तुमरे हितकी पट खैचीं कसी है ॥ १ ॥

सा ग म ध म प ऽ प ग ग म ऽ ग रे सा | सां सा रे सा नीं सा
दी . . . न . . द . . या . | छु सु ने . . .
११ १

सा ग ग म ऽ ग म म प ऽ ग म प नी ऽ नी सां ऽ नी सां ऽ नी
ज ब ते . त ब ते . म न में . क छु ऐ . .
५ +

ध प प ध म प ग ग म ऽ ग रे सा
सी . ब सी . है . . . .
९

॥ अंतरा ॥

ग म प नी नी सां नीं रें | सां प नी सां गं ' गं मं ऽ गं रें सां ऽ नी रें
ते . रो . क हा . थ | के जा . ऊं . क . . हां . तु म
११ १ ५

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



क्र. २९ राग–धनाश्री, (खमाज अंग) तीनताल (मध्यलय)

अखियां लागि साँवलिया प्यारे सो । जब बरज्यो बरजी नहीं मानी अब क्या होत पुकारे सों ॥ ध्रु० ॥ मधुर अली दरशन बिन तरसत नेह लगा बन्सीवारे सों ॥ १ ॥


' म प ध प | धपम म प ऽ ग ग म ऽ ग रे सा ' रे ऽ साऽसा |
अ . . खि | यां . ला , गि साँ . व् लि या प्या रे सो |
७ १ ३ + ७
नीं सां ग ग म ग म प नी ऽ ध प प ध ऽ प म ग | म प नी सां
ज ब ब र ज्यो ब र जी . न हि मा . . नी . | अ ब क्या .
१ ३ + ७ १
रें नी सां ऽ नी ध प प ध ऽ प म प ऽ म ग म म प ध प |
. हो . . त पु का . . रे . . सो . अ . . खि यां
३ + ७

॥ अंतरा ॥



Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग—जैताश्री

इस राग में रिषभ धैवत कोमल लगते हैं। म तीव्र है। आरोहमें रिषभ धैवत वर्जित है।

जाति—औडव-सम्पूर्ण वादी—पंचम संवादी—षड्ज

समय—सायंकाल

राग का साधारण रूपसे चलन—नि सा ग प, म ध् प, म ग, रे नी ध् प, म ग, म ग रे सा

विशेष—यह राग सायंकाल का होनेसे शामके पूर्वी श्री. इन रागोंसे इसका मेल है। 'म ग, म ग रे सा' यह स्वर गाते समय रात्रीके असंत रागका चलन सुननेमे आता है। 'म ग म ग' यह स्वर जैताश्री के परिचयकी निशानी समझते है।

आलापः-- १ साऽनीरेसा, साग, मग, मरेगरेसा

२ साग, प, धूमग,मगरेसा,सागप,धूमग,नीधूप,मग,मरेगरेसा

३ सागप, मनीरेसा, मधूप, नीसा, नीरेनीधूप, मग, मरेगरेसा

४ सा ग प धू म प नीसा, सा रेसा, ग रेसा, नीसाऽनीरेनीधूप, मपनीधूप, मप, मग, मधूमग, मरेगरेसा

५ पं नीं सा रेऽसा, गरेसा, पमग, धूप, नीधूप, सा, रेसा, ग रेसा, मरे ग रेसा, रेनीधूप, मप, मधूमग, मरेगरेसा

तानः— ६ सासानीरेसासा, सासागगमगरेसा, सासागगमधू

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

पम-गगम-रेंगरेंसा, सागम-पनीनीध्पम-गम-रेंगरेंसा, सागम-ध्म-प नीसांनीध्म-पम-गम-रेंगरेंसा, सागम-पनीसां रें रेंनीसांनीध्पम-ग म-गरेंनींसा

७ गग-सागग-सागग-रेंसा, नीनी-पनीनी-पनीनी-ध्प-म-गम-रेंगरेंसा, सांसां-नी रें रें-नी रें रें-नीध्पम-गम-गरेंनींसा, गंगं-सांगंगं-सांगंगं-रेंसांनीध्पम-म-म-गम-म-गम-म-गरेंनींसा

८ म-म-गरेंनींसा, नीनीध्पम-ग- रें रेंनीध्पम- गंगं रेंसांनीध्-नीनीध्पम-ग-म-गम-गरेंसा

९ म-गरेंसा-ध्पम-ग-नीध्पम- रेंनीध्प- गं रेंसांनी- नीध्पम-ध्पम-ग-म-गरेंसा

१० सागम-ध्म-प-ध्म-प-ध्म-प-पनीसां रेंनीसां-रेंनीसां-रेंनीसां-नीसांगं रेंसांनी-पनीनी-पनीनी-ध्पम-ग-गम-ध्पम-ग-गम-म-गम-म-गरेंनींसा

११ सागग-गपप-पनीनी- नीसांसां- सांगंगं- सां रें रें- नीसांसां-पनीनी-पध्ध्-म-पप-गम-म-गरेंनींसा

क्र. ३० राग-जैताश्री, ख्याल; एकताल

बल बल जांदी श्याम मै तेरे अरे मोरे प्यारे हो यार ॥ ध्रु० ॥ ऐसी चाह हमारे चितमें आंखन आगे आवो हो यार ॥ १ ॥

प	ध	म	प	म	ग	सा	ग	म	ग	प	ऽ	प	ग	म	प	म	ऽ	म	ग	म	रें
ब	.	ल	.	ब	ल	जां	.	दी	.	श्या	म	मै	.	.	.	ते	रे	अ			

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



॥ अंतरा ॥





क्र. ३१ राग–जैताश्री, तीनताल (मध्यलय)

कहुत हे, आगे जपि है राम। बीचहिं भई और की औरे कन्यो काल सौं काम ॥ ध्रु० ॥ बालापन खेलतहीं खोयौ, जोबन जोरत दाम ॥ १ ॥







Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

॥ अंतरा ॥

प प म ध् प सां सां सां सां नी रें सां | सां ग रें सां नी रें नी ध्
– ० ० ० ० – ० ० – ० ० – | ० ० ० ० ० ० ० ०
बाला . प न खे ल त ही खो . यौ | जो . ब न जो . र त
१ ३ + ७ १ ३

प प ध् प म ग ध् प म म ग |
० ० ० ० ० ० ० ० ० ० |
दा . . . म . क हु त हे . |
+ ७

राग—त्रिवेणी

इस राग में रिषभ, धैवत कोमल लगते है। मध्यम वर्जित है।

जाति—षाडव वादी—षड्ज संवादी—पंचम

समय—सायंकाल

राग का मुख्य अंग—सा रे प, ध् प सां, नी ध् प, ग प ग रे

साधारण रूपसे आरोह अवरोहका चलन—सा रे, रे सा, सा रे, ग प ग, प, ध् प, सां, सां नी ध् प, प ग, रे रे सा

विशेष—यह राग श्रीरागके अंगसे गाया जाता है। मध्यम वर्जित होनेसे अलग स्वरूप दीखता है। हमारी संमति में रिषभ कोमल रागका मुख्य स्वर होते हुए पंचमके साथ संवादी होनेसे बेसुरा स्वर सुननेमें आएगा। इसलिये षडज पंचम वादी संवादी मानना उचित होगा। मध्यम वर्जित होनेसे म प संगती से श्रीराग यह राग अलग होता है। यह राग पुराना है। पूर्व कालके ग्रंथोंमें इसका उल्लेख है और पूर्व समयमें जो स्वरूप था उसका वर्णन पुराने ग्रंथोंमें मिलता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अलाप:-- १ सा, रेनींध्पं, सा, सारे, रेगऽरेसा

२ सा, सारे, रेगप, पगरे, गपगरेसा

३ सा, नींरेगरे, गप, पध्प, नीध्प, पगरे, गपगरेसा

४ रे रेप, पध्प, नीध् रेनीध्प, प ध् प प नीध्प, प ध् प प ध्प, पगरे, गपगरेसा

५ पपध्ध्प, पसांऽसां रेंसां, सां रें रेंप रें, गं रेंसां, रेंनीध्प, पप ध्प, रेंपप, परे, गरेंसा

६ परे, ध्प, नी, रेंनीध्प, सां रें, रें गं रें रें गं रेंसां, सांऽनी रेंनीध्प, प प ग रे ग प सांप, नीध्प, ग प ग ग रे, पगरेसा

तान:-- ७ सासारे रेसासा, सारेगगरेसा, सारेगपपगरेसासा

सारेगपध्नीध्पगरेसासा, सारेगपसांनीध्पगपगरेसा, सारेगपसां सांनीरेंसांसांगंगं रेंसांनीध्पपगपरे रेगरेसासा

८ रेगग–गपप–पध्ध्–पसांसां–नीरें रें–रेंगंगं– नीरें रें– ध्नीनी– पध्ध्–गपप–गरेंसा

९ सागपध्पप–ध्पप–ध्पप– गपगरेंसासा, सागपध्पप– ध्नीनी– पध्ध्–गपप–पपध्ध्पप–सांसांपपनीनी–पपध्ध्पप–गागपगरेंसा

१० रेंपप–पनीनी–पध्ध्–गपप–पसांसां–सां रें रें–सांगंगं–सां रें रें– ध्नीनी–पध्ध्–गपप–गरेंसासा

११ पपगरेंगप–सांसां रें रेंसांसां–गंगं रेंसां–नीरेंनीध्पप– नीध्पप– ध्पप–ध्पप–गपगरेंसासा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क्र. ३२ राग–त्रिवेणी, झपताल

अब ना रहूं मै तोरे नगरिया नाहक मोरी लाज लीवैया ॥ ध्रु० ॥ निपट निठुर तु तो पिया सदारंग जानत हैं सब वृजके लुगैया ॥ १ ॥

रे रे गरे प प परे ग रे सा ऽ | सा ऽ रे ऽ ग प ग रे सा ऽ |
अ व ना . र हूं . मै . | तो रे न ग रि या . |
१ ३ + ८ | १ ३ + ८ |

रे ऽ ग प ऽ प ऽ ध् प ऽ | सा धप प ग प ध् ध् प प रे ग रे सा |
ना ह क मो री . | ला . ज ली . वै . . . था . . . |
१ ३ + ८ | १ ३ + ८ |

॥ अंतरा ॥

प प ध् प प सा नी सा रे नि सा सा | नी ऽ रे ऽ ग रे सा रे नी ध् प |
नि प ट . नि ठु र तु . तो | पि या स दा . रं . . ग |
१ ३ + ८ | १ ३ + ८ |

ध् ऽ नी सा सा रे नी ध् प प | सा पधपग प ध् ध् प प रेगरेसा |
जा न . त है . स . ब | वृ ज के . लु गै . . . था . . . |
१ ३ + ८ | १ ३ + ८ |

क्र. ३३ राग–त्रिवेणी, तीनताल (मध्यलय)

अतिहि अरुन हरि नैन तिहारे। मानहुँ रति-रस भए रंगमगे, करत केलि पिय पलकन पारे ॥ ध्रु० ॥ मंद मंद डोलत संकित से, सोभित मध्य मनोहर तारे ॥ १ ॥ मन हुं कमल-संपुट मह बीधे, उडिन सकत चंचल अलि बारे ॥ २ ॥

रे रे रे ग रे रे सा सा | सा प प प प ध् प प ध् ध् नी रे |
अ ति हि अ रु न ह रि | नै . न नि हा . रे मा न हूं र ति |
+ ७ | १ ३ + ७ |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नी ध् | प रे ' ग रे रे सा सा सा सा रें नी ध् प रे | प ध् प
० ० | ० ० ० ० ० — ० ० ० ० ० ० ० ० | ० ० ०
र स | भए रं ग म गे क र त के . लि पि य | प . ल
१ ३ + ७ १

प ग प ग प ग प ग रे सा सा
० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
. क न पा . . . रे . . .
३

॥ अंतरा ॥

प प सां ऽ सां सां | रें रें गं पं गं रें सां सां नी ध् रें नी ध् नी |
० ० ० ० — | ० ० ० ० ० ० — — ० ० ० ० ० ० |
मं द मं द डो | ल त सं . कि त से सो भि त म . ध्य म |
+ ७ १ ३ + ७

ध् नी ध् प प ध् प प ग प ग प ग रे सा सा
० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
नो . . . ह . र . ता . . . रे . . .
३ ३

राग—भिन्न षड्ज

इस राग में रिषभ, पंचम वर्जित है। और बाकी सब शुद्ध स्वर हैं।

वादी—मध्यम संवादी—षड्ज

राग का मुख्य अंग—सा ग म, ध म, ग सा

आरोह—सा ग म ध नी सां

अवरोह—सां नी ध म ग सा

विशेष—यह राग प्राचीन है। षडज-मध्यमसे अलग राग होना संभव है। इसी लिये इस रागका नाम "भिन्न षडज" रखा गया है। इस राग

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

को गाते समय "रागेश्री" से अलग रखना यही उसकी कला है। यह राग शामको या रात्रीको गाते है।

आलाप:-- १ साऽनीधंसा, सागं, म, मगसा

२ साऽनींधसा, गम, धम, मग, मगसा

३ सागम, मधम, मध, धनीधम, धम, गमसा

४ सा ग म धऽम, मधनी$^{सां}$नीध, $^{नि}$धसां, सां$^{नि}$ध, ध नी सां नी धम, मधम, ग, मगसा

५ ग म ध नीसांऽनीधसां, ध नी सांगं, सां, सां$^{नि}$ध, म ध नी सां $^{नि}$धम, मधम, ग सा ग म ग सा

६ ग म ध नीसांऽसां नि ध म ग म ध नीसां, ध नी सां गं, सां गंमऽगंसां, सांगंऽसां$^{नि}$ध, म धनीसां$^{नि}$धम, मधम, ग, मगसा

तान:-- ७ सागमगसा, सागमधमगसा, सागमधनीधमगसा, सागमधनीसांनीधमगसा

८ सागग–गमम–मधध–धनीनी–नीसांसां–सांगंगं-नीसांसां-धनीनी मधध–गमम–गसा

९ सागमध–गमधनी–मधनीसां-धनीसांगं– गंसांनीध– सांनीधम– नीधमग–धमगसा

१० गमम–गमम–गसा, मधध–मधध–मम–धनोनी–धनीनी– धध–

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सांगंगं–सांगंगं–सांनी–धनीनी–धनीनी–धम–मधध–मधध–मम
गमम–गमम–गसा

११ सागमध–नीधमग–गमधनी–सांनीधनी– धनीसांगं– गंसांनीध–
मधनीसां–नीधमग, गमधनी–नीधमम–सागमध–धमगसा

क्र. ३४ राग–भिन्न षड्ज, झपताल

कहो कौन सुखराज परिवार सुख क्षणिक है। क्षणिक धन धाम स्थिर नाहीं ॥ ध्रु० ॥ क्षणिक सुख लाग दुख सहेंतो क्या कृष्ण जन भजहु सुख-सिंधु सुख अचल नाहीं ॥ १ ॥

ग	सा	ग	म	म	म	ध	ग	म	म	म	म	ध	ऽ	म	म	ध	नी	सां	नी
क	हो	कौ	.	न	सु	ख	रा	.	ज	प	रि	वा	र	सु	ख	क्ष	णि	क	
१		३		+		८				१		३		+		८			

सां	ऽ	सां	निध	ध	म	ध	ध	म	म	सां	सां	निध	म	ऽ	ग	ऽ	गमधमगसा		
है		क्ष	णि	क	ध	न	धा	.	म	स्थि	र	ना	.		हीं		.....		
१		३		+		८				१		३		+		८			

॥ अंतरा ॥

म	म	म	ध	म	म	ध	नी	सां	नी	सां	सां	ध	नी	सां	गं	ऽ	गं	ऽ	मं	गं	सां
क्ष	णि	क	सु	ख	ला	.	.	.	ग	दु	ख	से	हे	तो	क्या		कृ		ष्ण	ज	ना
१		३		+				८				१		३		+		८			

सां	गं	सां	सां	निध	ध	नी	सां	निध	म	म	नी	ध	ध	म	ऽ	ग	ऽ	ग	मं
भ	ज	हू	सु	ख	सिं	.	.	धु	सु	ख	अ	च	ल	ता		ही		.	.
१		३			+			८			१		३		+		८		

ध	म	ग	सा
.	.	.	.

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क्र. ३५ राग–भिन्न षड्ज, तीनताल (मध्यलय)

ब्रजहि चलो आई अब साँझ। सुरभी सबै लेहू आगै करी, रैनि होइ जनि बनहीं माँझ ॥ ध्रु० ॥ भली कही यह बात कन्हाई, अतिहीं सघन अरन्य उजारी ॥ १ ॥

| | | |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग—मालीगौरा

इस रागमें रिषभ धैवत कोमल और मध्यम तीव्र लगता है।

समय—सायंकाल वादी—षडज संवादी—पंचम

राग का मुख्य अंग—सा रे॒ नीं धं॒ नीं, प ध॒ म॒ ग, म॒ ग रे॒ ग

आरोह—सा रे॒ नीं धं॒ नीं, रे॒ ग, म॒ ग, म॒ प नी सां

अवरोह—सां रे॒ नी, ध॒ प, नी ध॒म॒ ग, म॒नीं रे॒ सा

विशेष—यह राग श्री और पूरिया के मेलसे हुवा है। इसका विस्तार विशेष करके मंद्र और मध्य सप्तकमें किया जाता है। पूरियामें पंचम मिलानेसे यह राग बनता है। ऐसा संगीतज्ञोंका मत है। दो धैवत लगाकर भी गायक गाते हैं। सा प यह स्वर श्रीरागका स्वरूप दिखा देते हैं। सा, रे॒ नीं धं॒, नीं धं॒ पं, म॒ं धं॒ सा इन स्वरोंसे मालीगौरा दीख पडता है। इसमे केवल धैवत कोमल का ही उपयोग किया है। अप्रसिद्ध रागों मे से यह एक राग है। हमारी संमतिमें इसका वादी स्वर षड्ज ही होना चाहिये।

आलापः— १ सा रे॒नींधं॒नीं, रे॒नींधं॒पं, धं॒सा, नींरे॒सा

२ सा, रे॒नींधं॒पं, मं॒गं, मं॒धं॒सा, नींरे॒सा, नींरे॒गऽरे॒सा

३ सा, रे॒नींधं॒नीं, पं, मं॒धं॒नीं, रे॒ग, म॒ग, म॒नींरे॒सा

४ सा, नीं रे॒ ग, मं॒ग, साप, पध॒म॒ग, म॒म॒ ग रे॒ ग, नींरे॒सा

५ साप, पम॒ध॒प, म॒नीध॒प, प प म॒ ग म॒ ऽग, म॒ म॒ ग रे॒ सा

नीं, रे॒गसारे॒निंसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

६ साप, म॒ध्प, म॒, नीनी॒ ध॒ म॒प, म॒ग, म॒ध्सां, रे॒ंनीध्प, म॒पऽम॒ध्म॒ग, म॒नीं, रे॒ ग ग रे॒ नींसा

७ साप, म॒ध्प, ध॒ नी नी ध॒ म॒प, म॒ग, म॒रे॒ग. नींनी ध॒म॒ग, रे॒ग रे॒सा, नींरे॒सा

८ म॒ग, म॒ध्म॒, सां, रे॒ंसां, रे॒ंनी, नी ध॒म॒ग, नींम॒ग, म॒ध्म॒ग, रे॒सा

तानः— ९ नींरे॒नींसा, नींरे॒गग रे॒सा, नींरे॒गम॒म॒ग रे॒नींसा. नींरे॒गम॒ध्पम॒ग, रे॒ग रे॒सा, नींरे॒गम॒ध्नीनीध्पम॒गम॒म॒ग रे॒नींसा, नींरे॒गम॒ध्पम॒पनीसां रे॒ंनीध्पम॒ध्म॒गम॒म॒ग रे॒नींसा

१० रे॒गग—रे॒गग—रे॒सानींसा—ध्नीनी—ध्नीनी— ध्पम॒ग— गम॒म॒— गम॒म॒— ग रे॒नींसा—गम॒ध्नी रे॒ं रे॒ंनीध्पम॒ध्नीनी— ध्पम॒ग— गम॒म॒—गम॒म॒—ग रे॒नींसा

११ नींरे॒ रे॒—रे॒गग—गम॒म॒—म॒ध्ध्—ध्नीनी— नी रे॒ं रे॒ं— नीध्पम॒— ध्नीनी—पध्ध्—म॒पप—गम॒म॒—ग रे॒नींसा

क्र. ३६ राग—मालीगौरा, ख्याल; एकताल

आज मोरे आइला सुमत प्यारे करोंगी अदारंग से रंग रलिया ॥धृ०॥
अतर अरगजा सुगंध वसन पहर फुलवन सेज बिछांऊं चुन चुन कलिया॥१

सा	रे॒नीं	धं॒	नीं	रे॒	नीं	नीं	रे॒	नीं	धं॒	पं	ऽ	धं॒	नीं	सा	रे॒	रे॒	सा	नीं
आ	ज	.	.	मो	रे	आ	.	इ	लां	.		सु	म	.	त	.	.	.
११						१												

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



॥ अंतरा ॥



Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क्र. ३७ राग–मालीगौरा, तीनताल (मध्यलय)

प्रानी परम पुरुष पग लागो । सोवत कहा मोह निद्रामें कबहूं सुचित व्है जागो ॥ ध्रु० ॥ संग्रह करो सदा सिमरनको परम पाप तजि भागो ॥१॥


नीं रे सा नीं ग म ग रे सा नीं रे नीं | ध पं मं ध नीं रे सा सा
प्रा . . नी प र म पु रु ष प ग | लागो . सो . व त
३ + ७ १ ३
नीं रे ग ग म ग प | म प म ग रे रे सा नीं रे ग ग म ध प
क हा . मो . ह नि | द्रा . मे . क ब हूं सु चि त व्हैं . . .
+ ७ १ ३ + ७
म ग रे | ग म ग रे ग रे नीं सा नीं रे सा नीं
. जा . | गो . . . . . प्रा . . नी
१ ३

॥ अंतरा ॥



Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग—रेवा

इस रागमें रिषभ धैवत कोमल लगते हैं। मध्यम निषाद वर्जित है।

समय—सायंकाल जाति—ओडव

वादी—षडज संवादी—पंचम

साधारण रूपसे रागका चलन—सा रे ग, प ध् प ग, सा रे ग, रे ग

विशेष—यह राग श्रीरागके भेदसे बनता हैं। रिषभ धैवत कोमल 'म' 'नी' वर्ज्य होनेसे विभासका भास ज्यादा होता है। इसमें भी श्रीरागके अनुसार षड्ज पंचम वादी मानना उचित होगा। पूर्वांगमें सा रे रे प, स्वरोंसे श्रीरागके चलनसे विभाससे यह राग अलग होता है। इसी कारण पूर्वांग प्रबल श्रीरागसे हो जाता है। निम्न लिखित आलापोंसे भलीभांती राग स्वरूप स्पष्ट हो जाता है।

आलापः— १ सा रे रे ऽसा, साध्पं, पंध् रे रे ऽसा

२ सा रे रेसा, ग रे ध्पं, पध्पग रे, ग रे, सा रेसा

३ सा रे रेप, पध्प, सां रेंसां, पध्प, रेप, पग, सा रेसा

४ सा रे रेप, पध्प, सां रेंसां, गं रें, सां रेंसां, ध्पग, रेप रे, साग रेसा

५ प ध् प प सां, सां रेंऽसां, गंपंग रेंऽसां, सां रें सां सां रेंसां, सांध्प, रेपध्पग रे, ग रेगपग रे, सा रेसा

तानः— ६ सासा रे रेसासा, सासाधंध्पंपंसासा, सासा रे रेपप रे रेगग रेसा, सासा रे रेपपध्ध्पपसांसांध्पप— रे रेपप रे रेगप रेसा, सासा रे रेपपध्ध्पपसांसां रें रेंसांसां— गंगं रेंसां— पपध्ध् पप— रे रेगग रेसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

७ सा रे॒ रे॒–रे॒पप–पध्॒ध्॒–पसां॑सां॑–सां॑ रें॒ रें॒–पसां॑सां॑–पध्॒ध्॒–गपप–
रे॒पप–रे॒गग–रे॒सासा

८ गगरे॒सा, पंपंरें॒ रे॒गगरे॒सा–ध्॒ध्॒पप–रे॒ रे॒पप–रे॒ रे॒गग–रे॒सा, पप
ध्॒ध्॒पप–सां॑सां॑ रें॒ रें॒सां॑सां॑–पपध्॒ध्॒पप–रे॒ रे॒पप–रे॒ रे॒गगरे॒सा

९ रे॒गग–रे॒गग–रे॒सा–पध्॒ध्॒–पध्॒ध्॒–पप–पसां॑सां॑–सां॑ रें॒ रें॒–सां॑सां॑
गगपप–पध्॒ध्॒–पप–रे॒गग–रे॒गग–रे॒सा

क्र. ३८ राग–रेवा, झपताल

पिहरवा मोरी बैंया परत गईं अब सैंया ॥ धृ० ॥ सुगर चतुर तुम तो सदारंग रंग रंगीले मोरे सैंया ॥ १ ॥

ग॒	रे॒	सा॒	सा॒	रे॒	सा॒	रे॒	ग॒	प॒	ग॒	प॒	प॒	ग॒	प॒	सां॑	प॒	प॒	ध॒	प॒	प॒ग॒	पग	रे॒	सा॒							
पि	ह	र	वा	.	मो	री	बैं	या	.		प	र	त	ग	ईं	अ	ब	.	सैं	या.	.	.							
१		३			+		८				१		३			+			८										

॥ अंतरा ॥

प॒	प॒	ध॒	प॒	प॒	सां॑	सां॑	सां॑	रें॒	सां॑	सां॑	सां॑	रें॒	सां॑	सां॑	गं॑	पं॑	गं॑	रें॒	सां॑										
सु	ग	र	.	च	तु	र	तु	म	तो	स	दा	.	रं	ग	रं	गी	ले	.	.										
१		३			+		८			१		३			+			८											

रें॒	सां॑	सां॑ध॒	ऽ	प॒	प॒ग॒	प॒	प॒	ग॒	रे॒	सा॒																			
मो	.	रे		.	सैं	.	या	.	.																				
१		३			+		८																						

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क्र. ३९ राग–रेवा, तीनताल (मध्यलय)

समझ समझ आली प्राण जात प्यारे मोहन बिन ॥ ध्रु ॥ बहोर न यह रंग बहोर न यह रूप । बहोर न रहे आली यह दिन ॥ १ ॥

प	ग	रे	ग	रे	सा	सा	रे
०	०	०	०	०	०	०	०
स	म	झ	स	म	झ	आ	.
+		७					

सा	ग	प	ग	प	ऽ	प	म	ध	प	ग	ग	प	ध	प	
–		०	०	०		०		–	०	०	०	०	०	०	
ली		प्रा	ण	जा		त		प्या	रे	.	मो	.	.	.	
		१		३		+			७						

सां	प	ध	प	ग	रे	सा
–	०	०	०	०	०	०
ह	न	.	बि	न	.	.
१		३				

॥ अंतरा ॥

प	ध	प	सां	सां	रें	रें	रें
०	०	०	०	०	०	०	०
ब	हो	र	न	य	ह	रं	ग
+		७					

गं	रें	सां	सां	सां	रें	सां	सां	सां	प	ग	प				
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०				
ब	हो	र	न	य	ह	रू	प	ब	हो	र	न				
			३			+									

ग	प	ध	प	ग	ग	प	ग	रे	सा	रे	सा				
◡	◡	◡	◡	०	०	०	०	–	०	०					
र	.	हे	.	आली		य	ह	.	दि	.	न				
७				१		३									

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग--श्रीटंक

इस रागमें रिषभ धैवत कोमल लगते है। मध्यम वर्जित है। बाकी सब स्वर शुद्ध है।

समय—सायंकाल वादी—पंचम संवादी—षड्ज

राग का मुख्य अंग—रे रें प, नी ध् प, ग रे ग रे सा

आरोह—सा रे प, प ध् प सां

अवरोह—सां नी रें नी ध् प ग रे, ग रे सा

विशेष—यह राग श्रीरागका एक प्रकार है। श्रीरागके स्वरोंमेंसे तीव्र मध्यमको वर्जित करके इस रागको गाएंगे तो श्रीटंक राग होता है। पंचम वादीका होनेसे एवं षड्ज संवादी होनेसे ही इस रागका स्वरूप स्पष्ट हो जाता है। मध्यम तीव्रका कण स्वरोंमें उपयोग करनेमे हर्ज नहीं है।

आलाप:— १ सा, रेनींध्पं, पंनीं, नींसा, सारे, सा

२ सारे रेप, पध्प, ध्प रे, रेगप रे, गरेसा

३ सारे, रेगप, पध्प, प ध्प प नी, रेनीध्प, गप, पध्प, गरेग रे पगरे, गरेसा

४ सारेप, गरेगप, पनीध्प, रेनीध्प, सां, नीरेसां, रेगं, पं रें, गं रेसां, रेनीध्प, रे ग रे रे प, गरे, गरेसा

५ रे ग प ध् प प नीसांऽनीरेसां, रे गं रे रे पं रें, गं रें, नीरें, नीध्प, पध् रेनीध्प, परे, ध्प, परे, गपगरेऽरेसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तानः— ६ सा रे॒ ग॒ प॒ प॒ रे॒ ग॒ रे॒ सा, सा रे॒ ग॒ प॒ ध्॒ प॒ प॒ रे॒ ग॒ रे॒ सा, सा रे॒ ग॒ प॒ ध्॒ नी नी ध्॒ प॒ प॒ रे॒ ग॒ रे॒ सा, सा रे॒ ग॒ प॒ ध्॒ नी रे॒ नी ध्॒ प॒ रे॒ ग॒ रे॒ सा, सा रे॒ ग॒ प॒ ध्॒ नी रे॒ ग॒ रे॒ सा नी ध्॒ प॒ प॒ रे॒ ग॒ रे॒ सा

७ सा रे॒ रे॒—रे॒ ग॒ ग—ग प प—प ध्॒ ध्॒—ध्॒ नी नी—नी रे॒ रे॒—रे॒ ग॒ ग—नी रे॒ रे॒—ध्॒ नी नी—प ध्॒ ध्॒—ग प प—रे॒ ग॒ ग—रे॒ सा सा

८ ग रे॒ सा सा, प ध्॒ प प रे॒ ग॒ रे॒ सा, नी नी ध्॒ प॒ प॒ ध्॒ प॒ प॒ रे॒ ग॒ रे॒ सा, रे॒ नी ध्॒ प ग रे॒ रे॒ ग॒ रे॒ सा, ग॒ ग॒ रे॒ नी ध्॒ प ग रे॒ ग॒ ग रे॒ सा

९ रे॒ ग॒ रे॒ ग प प ग रे॒ सा, प ध्॒ प ध्॒ नी नी ध्॒ प॒ रे॒ ग॒ रे॒ सा, नी रे॒ नी रे॒ ग॒ ग॒ रे॒ सा, ध्॒ नी ध्॒ नी—प ध्॒ प ध्॒—ग प ग प—रे॒ ग॒ रे॒ सा

१० रे॒ ग॒ रे॒ रे॒ ग॒ ग रे॒ सा, प ध्॒ प प नी नी ध्॒ प॒— रे॒ ग॒ रे॒ रे॒ ग॒ ग॒ रे॒ सा— ध्॒ नी ध्॒ ध्॒ नी नी ध्॒ प—प ध्॒ प प ध्॒ ध्॒ प ग—ग प ग ग प ग प ग रे॒ सा

११ सा ग रे॒ प ग ध्॒ प नी ध्॒ रे॒ नी ध्॒ प—नी ध्॒ सा नी रे॒ सा ग॒ ग॒ रे॒ सा नी ध्॒ रे॒ नी ध्॒ प॒— प प ध्॒ प ग रे॒—ग रे॒ प ग ध्॒ प ग रे॒, ग रे॒ सा सा

क्र. ४० राग—श्रीटंक, तीनताल (मध्यलय)

अरे मन, तू कछु सोच विचार। झूँटो जग साँचो करि मान्यो, भूल्यो फिरत गँवार ॥ ध्रु० ॥ जो थाते उद्धार चहै तो, हरिमय जगत निहार ॥ १ ॥ माया पतिकी सरन गहे तें, होवे तव निस्तार ॥ २ ॥

ग	रे॒	रे॒	सा	सा	रे॒	ग	रे॒	सा	रे॒	ग	रे॒	ग	प	ऽ	प	रे॒	प	ध्॒	प	प											
०	०	०	०	—	०	०		०	०	०	०	०	०	०	०	—	—	०	०	—											
अ	रे	म	न	तू	क	छु		सो	.	च	वि	चा	.		र	झू	टो	ज	ग	साँ											
+				७				१			३				+		७														

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नी रे नीं ध प रे ग प ध प ध नी रे नी | ध नी रे नी ध प प
० ० ० ० — ० ० — ० ० ० ० ० ० ० | ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ
चो . क रि मा न्यो . भू ल्यो . फि र त गँ | वा . . . . . .
१ ३ + ७ १

ध प प ग रे ग ग रे सा
ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ
. . . . . र .
३

॥ अंतरा ॥

प नी सां रें | रें रें रें गं रें सां नी रें नी ध प प प ध | ध नी रें
— — — — | ० ० ० ० — ० ० ० ० ० ० ० | ऽ ऽ ऽ
जो या ते उ | द्धा र च है . तो ह रि म य ज ग त नि | हा . .
+ ७ १ ३ + ७ १

नी ध प प ध प प ग रे ग ग रे सा
ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ
. . . . . र .
३

क. ४१ राग—श्रीटंक, द्रुतएकताल

पीत वसन कुंद दसन प्रिया सहित कंठ माल मुकुट शीश मोर पंख चाहिजी ॥ ध्रु० ॥ अकथ कथा कथी न जाय तीन लोक रह्या समाय स्वते सिद्ध रूप धन्यो शाहन के शाहजी ॥ १ ॥

ग रे रे प प प प ध प रे ग रे | सा सा ऽ रे रे रे प प ध प प |
— ० ० ० ० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० — ० ० ० |
पी त व स न कुं . द द स न | प्रि या स हि त कं ठ मा . ल |
१ ३ + ५ ६ १ ३ + ५ ६

प प ध नी रे नी ध नी ध प ऽ प | प ध ध रे ग प ध प ग रे |
० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० | — ० ० ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ |
मु कु ट शी . श मो . र पं ख | चाहि जी . . . . . .
१ ३ + ५ ६ १ ३ + ५

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग ग रे सा |
. . . . |

६

॥ अंतरा ॥

प प नी नी सां रें रें रें गं रें सां | गं रें सां ऽ नी रें नी रें नी
० ० ० ० – ० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
अ क थ क था क थी न जा . य | ती . न लो क र ह्या स मा

१ ३ + ५ ६ १ ३ + ५

ध् प प प ऽ प रे ऽ रे प प ध् प् | नी रें नी ध् प प रे रे गग रे सासा |
० ० ० ० ० ० ० – ० ० – | ० ० ० ० – ० ० ० ० ० ० ० ० |
. य स्वते सि द्ध रू प धन्यो | शा . ह न के शा . ह जी . . . . |

६ १ ३ + ५ ६ १ ३ + ५ ६

राग–साजगिरी

इस रागमें रिषभ कोमल है। दो मध्यम और दो धैवत लगते है। बाकी सब स्वर शुद्ध लगते हैं।

समय—सायंकाल जाति—संम्पूर्ण

साधारण रूपसे वादी–गान्धार, संवादी–निषाद।

आरोह अवरोहका साधारण स्वरूप—नीं रें ग, म ग, म प ध् प, म नी ध सां, सां नी रें नी ध् प, प ध ग, म ध ग, म ग रे सा

विशेष—यह राग पूरिया और पूर्वी के मेलसे बना एसा विद्वानोंका मत है। पूरिया और पूर्वी रागसे अलग रागका स्वरूप शुद्ध मध्यम मुक्त कंठ लगानेसे और मध्यम निषाद इनकी जोडीसे अलग दीख पडाता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

इस रागका चलन मन्द्र और मध्यसप्तकमें जादा होता है। यह राग भी अप्रसिद्ध रागोंमेंसे है। प ध ग यह स्वर रागका स्वरूप दिखानेमें सहाय्यक होते है।

आलापः— १सा,नींरेंनींमं-धंसानींरेंसा,नींरेंग,म-रेंम-ग, नींरेंसा

२ नींरेंग, नींम-ग, म^{प}मग, गप, पधग, म-ग, नींरेंसा

३ नींरेंगम, मनीनीम-धग, ग म प म-म-ग, नींरेंनींमं-धंसा

४ नीं रें ग म, म^{ग}मग, गनीनीधम-म-ग, पध्म-पसां ऽ नी रें सां, रेंनीध्, नीध्प, पधग, म-ग, नीधम-ग, नींरेंसा

५ सासापऽप, पध्प, म-ध् रेंनीध्,: नीरेंगं रेंसां, सांऽनीरेंनीध्प, पधग, म धसां, नींरेंनीम-धग, ग म प म-म-ग, नींरेंसा

तानः— ६ नींरेंगगरेंसा, नींरेंगम-म-गरेंनींसा, नींरेंगम-धगम-गरेंनींसा, नींरेंगम-धनीधम-गम-पम-गरेंनींसा

७ नींरेंगम-म-गम-म-गरें-गम-धनीनी-धनीनी-धूप-पध्म-प-गम-म-गम-म-गम-पम-गरेंनींसा

८ नींरेंगम-म-गम-म-धनीनी-धनीनी-धम- म-धध- म-धध-म-ग-गम-म-गम-म-गरेंनींसा

९ सापप-पध्ध्-म-ग-म-ध्ध्-ध्नीनी- ध्प- ध्सांसां- नीरें रें-नीध-पधध-गपध-म-ग-म-गरेंसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

१० म॒म॒गरेनींसा–पपधधगग–नीनीरेनीधप– गंगं रेंसांनीसां– नीनी रेनीधूप–पपधधगग–म॒म॒गरेनींसा

क्र. ४२ राग–साजगिरी, ख्याल; एकताल

नाथ नैया रे नेवरिया नेरे लेके आव ॥ धृ० ॥ ना मोरे बैया नारे बेड़ा तुमही गुसैया मोही पार पहुचाव ॥ १ ॥

नीं रे ग म॒ ग रे सा नीं धं नीं रे | म॒ घम॒ ग ' नीं नीं रे सा ऽ
ना . . . थ . नै . . या . | रे . . ने व रि या

११ १

नीं रे ग ' म॒ नी घम॒ ध ग ऽ म॒ ग ग म॒ प म॒ ग रे ऽ सा
ने रे . ले . के . . आ . . . . व . .

५ + ९

॥ अंतरा ॥

म॒ ग प धं प सां | सां सां नी रें सां रें नी धं म॒प प प प ध ग ऽ
ना . मो रे . नै | या ना . . रे बे . ड़ा . तु म ही .

१

प प ध सां ऽ नी रें नी ' धम॒ ध ग नीं रे ग म म म॒ नी घम॒ घग
. गु सैं . . . या मो ही . पा . . . र प हुं चा .

५ + ९

म॒नीं रे सा
. . व

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क ४३ राग–साजगिरी, तीनताल (मध्यलय)

मातु पिता इनके नहि कोइ। आपुहि करता, आपुहि हरता, त्रिगुन रहित ह सोइ ॥ ध्रु० ॥ कितिक बार अवतार लियो व्रज, ये है ऐसो ओइ। जल थल कीट-ब्रह्म के व्यापक, और न इन सरि होइ ॥ १ ॥

'	म॒	ग	रे॒	सा	नीं	धं	|	नीं	म॒	ग	नीं	रे॒	सा	नीं	रे॒	ग	म	म	म	म
०	०	०	०	—	०	०	|	—	०	०	०	०	—	०	०	०	०	०	०	—	|
	मा	तु	पि	ता	इ	न	|	के	न	हि	को	.	इ	आ	.	पु	हि	क	र	ता	|
+			७				|	१			३		+			७					

म	नी	ध	म॒	ग	म॒	ग	नी	ध्	प	प	प	प	ध	ग	|	म॒	नी	ध	म॒	ग	रे॒	सा
०	०	०	०	०	—	०	०	०	०	०	०	०	०	०	|	०	०	०	०	०	०	—
आ	.	पु	हि	ह	र	ता	त्रि	गु	न	र	हि	त	है	.	|	सो	.	.	.	ई	.	.
१			३		+			७							|	१			३			

॥ अंतरा ॥

म॒	ग	ग	प	ऽ	प	ध्	प	|	सां	सां	सां	नो	रें॒	सां	सां	नी	रें॒	गं	रें॒	नो	रें॒	सां
०	०	०	०	८	०	०	०	|	—	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	—
कि	ति	क	बा		र	अ	व	|	ता	र	लि	यो	.	ब्र	ज	ये	.	है	.	ऐ	.	सो	|
+			७					|	१			३		+			७						

रें॒	नी	ध्	प	प	ध	ग	ध	ग	म॒	ग	ग	म	म	नी	|	ऽ	नी	म॒	ग	म॒	ग	रे॒
०	०	०	०	—	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	|	०	०	०	०	०	०	०
ओ	.	.	.	इ	.	.	ज	ल	थ	ल	की	.	ट	ब्र	|		ह्म	के	.	व्या	.	प	|
१			३		+			७							|	१			३			

सा	प	प	प	ध	ग	म॒	ग	|	म॒	नी	ध	म॒	ग	रे॒	सा
०	—	०	०	०	०	०	०	|	०	०	०	०	०	०	—
क	औ	र	न	इ	न	स	रि	|	हो	.	.	.	इ	.	.
+			७					|	१			३			

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग--हंसध्वनि

इस राग में मध्यम धैवत वर्जित है। बाकी सब स्वर शुद्ध है।

जाति—ओडव वादी—षड्ज संवादी—पंचम

समय—रात्रीको

राग का मुख्य अंग—ग प नी प ग रे, ग रे सा

आरोह—सा ग प नी सां

अवरोह—सां नी प ग रे सा

विशेष—यह राग कर्नाटकी (दाक्षिणात्य) पद्धतिका है। इस रागमें विलंबित गाना शोभा नहीं देता, मध्यलयका गायन शोभा देता है। हमारा शंकरा राग इसका निकटवर्ती राग है। दाक्षिणात्य पद्धतीके कई राग आजकल उत्तर हिंदुस्थानी संगीतमें गायनके लिये लेनेका प्रचार प्रायः जोरमे हो रहा है। आरोहमें रिषभ दुर्बल रहता है।

आलाप:-- १ सानींपं, नींसा, साग, पगरेसा

२ साग, सागप, गपनीपग, साग, पगरेसा

३ सागप, गपनीप, पनीसां, सांनीप, गपग, पगरेसा

४ सा ग प नीप, गपनीसां, सांगंसां, रें सां नी प, गपग, सा ग प नी पग, पगरेसा

५ पपनीसां, सां रेंसां, पनीसांगं रें, सांगं पगं रेंसां, नी सां रें सां नी, नीपग, सा ग पग, पगरेसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तानः-- ६ सागपगरेसा, सागपनीपगपगरेसा, नींसागपनीसांनी पगपगरेसा, नींसागपनीसांगं रेंसांनीपगरेसा

७ सासा–गग–पप–नीनी–सांसां–गंगं–रें रें–सांसां– नीनी– पप–गग–रेरे–सासा

८ सागपग–गपनीप–पनीसांनी–नीसांगं रें– सांगंपगं– नीसां रेंसां–पनीसांनी–गपनीप--गपगरे–सागरेसा

९ सागग–गपप–पनीनी–नीसांसां–सांगंगं–गंपंप–रेंगंगं–सां रें रें-नीसांसां–पनीनी–गपप–रेगग–रेसासा

क्र. ४४ राग–हंसध्वनी, तीनताल (मध्यलय)

अब ही देखे नवल किशोर। घर आवत ही तनक भए है ऐसे तनके चोर ॥ ध्रु० ॥ यह वाणी कहत ही लजानी समुझि भई जिय बोर ॥ १ ॥

| | | |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

॥ अंतरा ॥

प प सां सां नी प | नी सां ऽ सां नी सां रें गं रें सां गं रें सां
० ० — — ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० — ० ० ० ०
य ह वा णी क ह | त ही ल जा . . . नी स मु झि भ

\+ ७ १ ३ +

नी सां रें सां नी प | ग प नी सां रें सां नी प ग प ग रेसा सा
० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
ई . . . जि य | बो . . . . . र

७ १ ३

क्र. ४५ राग–हंसध्वनि, द्रुत एकताल

बंशीवट जमुना तट निरतत बनवारी। अति सुगंध मंद मंद पवन चलत प्यारी ॥ ध्रु० ॥ बाजे बाजत विशाल गति मति सुर अधिक ताल रागरंग विविध भांति नूपुर धुन न्यारी ॥ १ ॥

सा ग प ग रेसा सा नीं पं नीं सा रे सा सा | सा सा ग ग प नी
० ० ० — ० ० ० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ०
बं . . शी व ट ज मु ना . . त ट | नि र त त ब न

१ ३ + ५ ६ १ ३

प ग प ग रेसा | प ग ग प ऽ प नी नी सां ऽ सां | गं रें सां नी प
० ० ० ० — | ० ० ० ० ० ० — ० ० ० ० | ० ० ० ० ०
वा . . री . | अति सु गं ध मं द मं द | प व न च ल

\+ ५ ६ १ ३ + ५ ६ १ ३

ग ग प नी सां नी प ग प ग रे सा |
० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० |
त प्या . . . . रीं . . . . |

\+ ५ ६

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

॥ अंतरा ॥


ग प सां सां सां रें सां ऽ सां | सां सां गं रें सां नी प प सां नी
बा जे बा ज त वि शा ल | ग ति म ति सु र अ धि क ता
१ ३ + ५ ६ १ ३ + ५
ऽ नी | सां सां गं ऽ गं पं रें गं रें सां ऽ नी | गं रें सां नी प प
ल | रा ग रं ग . वि वि ध भां ति | नू . पु र धु न
६ १ ३ + ५ ६ १ ३
ग प नी सां नी प ग प ग रे सा |
न्या . . . . री . . . .
+ ५ ६

राग—राजकल्याण

इस राग में मध्यम तीव्र लगता हैं, और पंचम वर्जित है। बाकी सब शुद्ध स्वर है।

जाति—षाडव वादी—गांधार संवादी—निषाद

समय—रात्रीमें

राग कामुख्य अंग—ग म॒ ध, ध म॒ ग रे, नीं रे सा

आरोह—नीं रे ग म॒ ध नी सां

अवरोह—सां नी ध म॒ ग रे, नीं रे सा

विशेष—यह राग कल्याणका एक प्रकार है। कल्याणमें पंचम लगता है। इसमें पूर्ण वर्जित है। कल्याण राग यह गाते समय वादी संवादी गांधार निषाद है। परंतु गांधारके साथ धैवत संवादी, धैवतके साथ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

रिषभ संवादी तीव्र मध्यमके साथ शुद्ध निषाद संवादी रिषभके साथ पंचम संवादी और पंचमके साथ षड्ज संवादी रहता है। इस रागमें पंचम वर्जित होनेसे रिषभ पंचम और पंचम षड्ज यह दो जोड इसमें कम है बाकी सब कल्याणका ही चलन है। इसी लिये पुरानी कहानी है की कल्याण राग अच्छी तरहसे गाना आगया तो वीस पचीस रात्रीके राग अच्छे गाने आते है। आजकल कल्याण राग गाना हलकी बात समझते हैं। इस रागमें गांधार धैवत, धैवत रिषभ, तीव्र मध्यम निषाद और गांधार निषाद इनके संवादी स्वरोंका महत्त्वपूर्ण उपयोग किया गया है। उसीसे इस रागमें मधुरता, आकर्षकता और कठिणता गानेमें होती हैं।

आलापः-- १ सा रे सानींधं, धंनींरेंधंसा, नींरेग, गरेमग, गरे, नींरेनीं, ग ग रे नींसा

२ नींरेग, गरेमग, गमध, ध मममगरे, नींरेनीं, ग ग रे नीं सा

३ नीं रे गममरेग, गमध, मधम, नीनो ध ममगरे, नींरेसा

४ नीं रे ग म धनी, सांनीनीध, म ध नी रें धसां, ध नी रें, रें नी ध म ध नी ध मग रे, रे ग म रे ग मगरे, नींरेसा

५ नींरेगमधनीधमगरेगमधनीरेंधसां, ध नी रें गं रें रें गं,गं रें, नीं रेंसां, नी रें सां नी ध म धनीध, धमगरे, नींरेसा

६ नीं रे गम, ग म धनी, म ध नी रें, रें सां नीध, नी ध मग, ध म ग रे, ममगरे, नींरेसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तान:-- ७ नींरेगम-गरेनींसा, नींरेगम-धम-गरेनींसा, नींरेगम-धनींरेंनीधम-गरेनींसा

८ गगरेगग-रेगग-रेसा, म-म-गम-म-गम-म-गरेनींसा-धध-म-धध-म-धध-म-म-गरे, नीनी-धनीनी-धनीनी-रें रेंनी रें रें-नी रें रें-गंगं-रेंगंगं-रेंगंगं-नी रें रें-धनीनी-म-धध-गम-म-रेगग-नींरेरे-नींसा

९ नींरेगम-धम-गरे-गम-धनी रेंनीधम--म-धनी रेंगं रेंसांनी-धनी रें नीधम--म-धनीधम-ग-गम-धम-गरे-नींरेगरेनींसा

१० नींरेगम-धध-गम-धनी रें रें-म-धनी रेंगंगं-धनी रेंगंम-म-- गंम-गं रेंसांनी-रेंगं रेंसांनीध-धनीधम-गरे-गम-गरेनींसा

क्र. ४६ राग-राजकल्याण, ख्याल; एकताल

बाजोरे बाजो मन्दिलरा शुभदिन शुभघरी लालन घर आज ॥ ध्रु० ॥
सब सखि बन आईं करत मंगल चार आज उनके भइला काज ॥ १ ॥

ग	ग	रे	नीं	सा	ऽ	निं	ध	नीं	ग	ग	रे	म	ग	म	रे	ऽ	रे	ग	ऽ	रे	निं	सा
ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	–	–	ᴗ	ᴗ	०	ᴗ	ᴗ	०	–	–	
बा	.	.	.			जो	रे	बा	.			जो	.	मं	.		दि	.		ल	रा	
११												१								५		

ऽ	नीं	धं	नीं	रे	ऽ	ग	रे	म	ग		ध	म	ध	म	नी	नी	ध	म	ध	नी	निं	ध
–	०	०	०	०	–	०	०	–			–	–	–	–	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ	ᴗ		०
	शु	भ	दि	न		शु	भ	घ			री	.	.	ला	.	.	.	.	.			ल
+		९			११						१										५	

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

निम॑ ' ग रे ' ग म॑ ध म॑ ग रे निं सा
० ० ० — ० ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ० ० —
न ध र आ . . . ज . .
+ ९

॥ अंतरा ॥

म॑ ग म॑ ध ऽ म॑ ध॑नी ध | सां सां नी ध नी रें ऽ नी नी रें ग
⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ | ० ० ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣
स ब स खि . ब न | आ ई क र न . . मं . .
११ १

रें सां नी रें सां नी नी ध ऽ | ग॑ ग ऽ रें नी रें सां निं ध नी ध॑ म॑ ग रे
⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ० | ० ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ० ⌣ ⌣ ⌣ ० ०
ग ल चा . . . र . | आ ज ड न के म इ ला .
५ + ९

ग म॑ ध म॑ ग रे निं सा
⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ०
का . . . ज . .

क्र. ४७ राग–राजकल्याण, तीनताल (मध्यलय)

श्याम सुंदर वनमाली बुलाला आली। बिन दरसन मन धीर धरत ना मोहन मदन गोपाली ॥ धृ० ॥ करत बिहारी कुंज कुंजनमें हिल मिल उर भुज डाली। मोहनी मूरत सोहनी सूरत रसिया ख्याल खुशाली ॥ १ ॥

' नीं रे ग म॑ ध नी ध नी रें सां | नी॑ ध॑ म॑ म॑ ग॑ रे ग म॑ ध म॑ ग रे
० ⌣ ⌣ ० ० ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ | — ० ० — ⌣ ⌣ ⌣ ⌣ ० ०
श्या . म सुं द र व . न . | मा ली बु ला ला . . . आ .
+ ७ १ ३ +

सा नीं रे ग रे | ग म॑ ध म॑ ध नी ध ध नी रें सां नी ध ' नी
— ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० ⌣ ⌣ ० ० ० ०
ली बि न द र | स न म न धी . र ध र त . ना . मो
७ १ ३ + ७

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

रें॑ ग॑ | नी रें॑ सा॑ नी ध नी नी ध म॒ ग म॒ ग रे
० | ० ◡ ◡ ० ० ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡
ह न | म द . न गो पा . . . ली . . .

१ ३

॥ अंतरा ॥

म॒ म॒ ग ग म॒ ध नी | सा॑ सा॑ नी ध नी रें॑ सा॑ नी रें॑ ग॑ रें॑ नी रें॑
० ० ० ० – ० ० | ० ० ० ० ० ० – ० ० ० ० ० ◡
क र त वि हा री कुं | . ज कुं . ज न मे हि ल मि ल उ र

\+ ७ १ ३ + ७

सा॑ नी ध | नी नी ध म॒ ध नी रें॑ नी ध म॒ ग रे ' रे ग रे ग म॒ ध
◡ ० ० | ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ – – ० ० ० ० ◡ ◡ ◡
. भु ज | डा . . . . . ली . मो ह नी मू . .

१ ३ + ७

म॒ ध ध | ' ध नी ध ध नी रें॑ नी रें॑ रें॑ रें॑ ग॑ रें॑ नी रें॑ सा॑ नी ध |
◡ ० ० | ० ० ० ० ◡ ◡ ◡ ◡ ० ० ० ० – ० ◡ ◡ ० ० |
. र त | सो ह नी सू . . . र त र सि या ख्या . . ल खु |

१ ३ + ७

नी नी ध म॒ ध नी रें॑ नी ध नी ध म॒ ग म॒ ग रे
◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡
शा . . . . . ली . . . . . .

६ ३

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग--शुभ-कल्याण

इस रागमें निषाद कोमल है। मध्यम वर्जित है। बाकी सब शुद्ध स्वर है।

जाति—षाडव वादी—षड्ज संवादी—पंचम

समय—रात्रीमे

राग का मुख्य अंग—ग प ध नि् ध प, ग प रे सा

आरोह—सा रे ग प ध नि् सां

अवरोह—सां नि् ध प ग प रे सा, नि् ध नि् सा

विशेष—यह राग कल्याणका एक प्रकार है। मध्यम वर्जित होनेसे कल्याणका स्वरूप 'ग प रे सा' इन स्वरोंसे प्रतीत होता है। यह राग अर्वाचीन है। 'ग प ध नि् ध प' इन स्वरोंसे थोडा भास कलावती राग का होता है। आलापके समाप्तीमें 'सा नि् ध सा' यह स्वर लेना चाहिये।

आलाप:-- १ सानिधप, पधनिधसा, सागपरेसा

२ सारेगप, पधपग, ग प ध ग प धपग, गपरेसा

३ सारेगप, पधपग, पध, प ध निधप, पधगपरे, गरेसा

४ सारेगप, पधपग, ग प ध नि्सांनिधसां, सां रें सांनिधप, ग प धनिधप, पधपग, गपरेसा

५ सारेगप, धनि्सांनि्सांनिधसां, सां रें ग रें सां, धसां रें सांनि धप, ग प धनिधप, पधपग, गपरेसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तानः-- ६ सारेगगरेसा, सारेगपपगपरेसा, सारेगपधधपपगरेग परेसा, सारेगपधनि्सांनि्धपधपगरेगपरेसा

७ सारेग–रेगप–गपध–पधनि्–धनि्सां– सांनि्ध– नि्धप– धपग– पगरे–गपरेसा

८ सारेगपगरे–गपधनि्धप–पधनि्सांनि्ध–धसां–रेंगं रेंसां–धनि्सां नि्धप–पधनि्ध–पपगरे–गपरेसा

९ सारेरे–रेगग–गपप–पधध–धनि्नि्–नि्सांसां–सांनि्ध– नि्धप– धपग–पगरे–गपरेसा

क्र. ४८ राग–शुभ-कल्याण, झपताल

आज व्रजभूमि नवरंग शोभा वनी रास खेलत नवल संग प्यारी ॥धृ०॥
माधुरी रूप रस केलि सोहावनी चंद्रिका मोर छबि देत न्यारी ॥ १ ॥

प ध प ग ग प ^प^रे ऽ सा नि्ं धं | सा ऽ सा ^प^ग ऽ ^प^ग प ^ध^प ^प^रेसा |
आ . ज व्र ज . भू मि न व | रं ग शो भा . व नी . |
१ ३ + ८ १ ३ + ८

प ग प ध ऽ नि् सां नि् ध प | प ध नि् ध प ऽ ग प ध प ग ^प^रेसा |
रा . स खे ल त न व ल | सं . . ग प्या . . . . री . . |
१ ३ + ८ १ ३ + ८

॥ अंतरा ॥

प ऽ ध ^सां^नि् ऽ ध सां सां सां सां | सां रें गं ^प^रें सां ^सां^नि् ऽ ध प ऽ |
मा धु री रू . प र स | के . लि सो . हा व नी |
१ ३ + ८ १ ३ + ८

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



क्र. ४९ राग–शुभ-कल्याण, तींनताल (मध्यलय)

मोहनी मूरत ललित श्यामकी जबसें नैन निहारी ॥ ध्रु० ॥ विन देखे कल परत न आली वनमाली वनमाली री ॥ १ ॥ याही चाह चित लखो कीजिए ख्याल खुशाल अपारी ॥ २ ॥



॥ अंतरा ॥



Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग—कलावती

इस राग में रिपभ मध्यम वर्जित है। निषाद कोमल लगता हैं, बाकी सब स्वर शुद्ध है। आरोहमें निषाद वर्जित है।

जाति—औडव समय—रात्रीमे

वादी—पंचम संवादी—षड्ज

राग का मुख्य अंग—ग प ध नि् ध प, ग ध प ग सा

आरोह—सा ग प ध सां नि् ध सां

अवरोह—सां नि् ध प, ग ध प ग सा

विशेष—यह राग खमाज अंगका है। केवल नी कोमल है। शुद्ध निषाद न होनेसे खमाजसे यह राग अलग रहता है। यह राब दाक्षिणात्य पद्धतीका है। गांधारपर 'ग प ग, प ग' इस तरह न्यास किया जाता ह। रागका स्वरूप आकर्षक है।

आलापः— १ सागऽसा, सानिंधंसा, साग, सागपगऽसा

२ सागप, पधपग, ग प ध नि्धपग, पगसा

३ सा ग प धनि्धप, ग प धनि्धसां, सांनि्धपग, धपग, पगसा

४ ग प ध सां नि्धसां, सांग, सांगपगसां, सांगसांनि्ध, नि्धपग, ग प ध सांनि्धपग, पगसा

५ ग प ध सां नि् ध प धसां, सांगऽसांनि्धप, ग ग पप प धधधनि धपग, गप ग प ध प ग, गपगसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तानः— ६ सासागगसासा, सागपधनिधपपगपगसा, सागपधनि धपधसांसांनिधपधपगपगसा

७ सागपध–गपधनि–पधनिध–सांनिधप–पधपग-गपगसा, गपधनि-धनिधध–सांसागगसांसां–धनिधप–पधपग–गपगसा

८ गपगग–पधपप–धनिधध– सांगसांसां– निसांनिनि– धनिधध– पधपप–गपगग–पपगसा

९ सागप–गपध–पधनि–निधसां–सांगसां–धनिध– पधप– गपग– गपगसा

क्र. ५० राग–कलावती, ख्याल; एकताल

प्यारा बनरा आइला छैलवा बनरा अमोल ॥ धृ० ॥ कर मन वर पाइलो बनरा बनी वन आइलो गायो बजायो ढोल ॥ १ ॥

सा ग ग प ऽ ध ध सांनि | ध प पग ग प ग सा ' सा ग पग प ध
ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ | ० ० – ऽ ऽ ऽ ऽ ० ० ऽ ऽ ० ऽ
प्या . रा . . ब न | रा . . आ इ ला . छै ल वा . कै
११ १ ५

सांनि ध सां ' सां नि ध प ' प प ध सां नि ध प पग सा
ऽ ऽ ऽ० ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ० ०
. से . ब न रा . अमो . . . ल . . .
+ ०

॥ अंतरा ॥

ग प ध सांनि ध | सां सां गं पग सां ' सां गं ऽ सां सांनि ध नि ध ध
ऽ ऽ ० ० ० | – ऽ ऽ ऽ ऽ ० ऽ ऽ ऽ ऽ ० ऽ ऽ ऽ ऽ
व र पा . इ | लो ब न रा . बनी व न आ . . .
११ १ ५

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां नि् ध प प ध प प ध प ^प^ग ग प ध ^सां^नि् ध प प ग ऽ सा
० ◡ ◡ ० ◡̲ ◡̲ ◡̲ ◡̲ ◡ ◡ ० ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡ ◡
. इ लो . गा . . . . यो . ब जा . . यो . ढो . ल
+ ९

क्र. ५१ राग–कलावती, तीनताल (मध्यलय)

बंशींके बजैया बंशीफेर् बजाव्रे। वही तान वही ध्यान वही सुर वही गान सुनाव्रे ॥ धृ० ॥ नट नागर नाचत ताथैया मेरे आंगन आव्रे ॥ १ ॥ बलिहारी सूरत पर वारी मोहन कंठ मिलाव्रे ॥ २ ॥

' ग प ध ऽ ^प^ध | ^सां^नि् ध ' प ग ग ऽ ^ध^प ग सा सा ग ऽ ग |
० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० – – ० ० ० ० |
ब न्सीके ब | जै या बं शी फेर् ब जाव् रे व ही ता |
७ १ ३ + ७

प प ग प ध प ध ^सां^नि् नि् प ध सां ध सां गं सां | सां नि् ध सां
० ० ◡ ◡ ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० – | ० ० ० ०
. न व . ही . ध्या . न व ही . सु र व हां | गा . न सु
१ ३ + ७ १

ध प ग प ^रे^ग सा ग प ध ऽ ^प^ध |
० ० ० ० – ० ० ० ० ० ० |
ना . . व् रे . ब न्सीके ब | जैया
३ + ७

॥ अंतरा ॥

गं प ध ^सां^नि् नि् ध सां सां सां गं सां | सां गं पं गं सां ^सां^ध नि् ध
० ० – ० ० – ० ० – – – | ◡ ◡ ◡ ◡ – ० ० ०
न ट ना ग र ना च त ता थै या | मे . . . रे आं . ग
१ ३ + ७ १ ३

प ग प ग ग प ध ऽ ^प^ध |
० ० ० ० ० ० ० ० ० |
न आ व् रे ब न्सीके ब | जैया
+ ७

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग—सावनी (बिहाग अंग)

इस राग में सब स्वर शुद्ध लगते हैं। आरोहमें रिपम, धैवत वर्ज है।

जाति—ओडव-संपूर्ण समय—रात्रीको

वादी—पंचम संवादी—षड्ज

राग का मुख्य अंग—ग म प सां ऽ प, प ध म, म प, ग मपगरे सा

आरोह—सा ग म प नी सां

अवरोह—सां प, पध म, मप ग, ग म प मप ग रेसा

विशेष—यह राग बिहागके रूपसे गाया जाता । रिषभ, धैवत, निषादका उपयोग कण स्वरसे किया जाता है। जैसे-' ग रेसा, प ग रेसा, धम प ग, निप धम प ग,' यह राग गाते समय बिहाग रागही प्रबल रहता है ' वक्र रूपसे स्वर लगाकर गाना होगा तबही यह राग बिहागसे अलग स्पष्ट होता है। प; ध म प यह स्वर लेते समय तीव्र मध्यमका उपयोग कण रूपसे या द्रुतगतीमे किया जाता है।

आलाप:— १ सा रे सानींपं, पंनींसा,साग,ग म प म पग रेसा

२ साग, मग, ग म प, मग, प ध म पपग, गम म ध म पग रेसा

३ सा रे नीं सानीं, सागमग, रेसा, नींधनींपं, पंसा, ग म पग रेसा

४ गमपनीऽनीनीसां, सां रेसानी, धनीप, प ध म पसानीनीसां, सां गां रेसा, सां रे नी सांपग, ग म ध म पम म प ग रेसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

५ प ध म॒ प सां, सांगरेसा, सांगमंगरेसा, सांपग, ग म प ध म॒ प सांपग, ग म प म प ग रे सा

तानः— ६ सासागगसासा, सागमपगमपगरेसा, सागमपनीनी धपगमपगमपगरेसा, सागमपसांसांगंगंसांसांपपधधपपगमपगमप गरेसा

७ सागमपधम॒पधम॒प, पनीसांरेंनीसांरेंनीसांरेंनीसां–पपधधपपगम पगरेसा

८ गगसासा–पपगग–सांसांपप–गंगंसांसां– पपधध– पप– गमप– गमप–गरेसा

९ सारेनींसा–पधम॒प–सांरेंनीसां–गंगंरेंसां–पधम॒प–सांसां– पप धधपप–गमप–गमप–गरेसा

क्र. ५२ राग–सावनी, झपताल

परताप तेरो सकल जन उच्चारत तिहारो नाम ॥ ध्रु० ॥ ध्यान धरत निस दिन किरपा करो मोपे सब जन उचारत तिहारो नाम ॥ १ ॥

| | | |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प ध म॒ प ऽ सां रें नी सां ऽ सां प ग ग म मध म॒ गम मप ग.
ति . . . हा . . . रो . . ना . . . . . म
१ ३ + ८

रेसा ग म प म प ऽ
. प . . र . | ताप

॥ अंतरा ॥

ग म॒ प नी नी नी सां सां सां सां सां रें सां सां | गं मं गं रें सां सां सां
ध्या. न . ध र त नि स दि . न | कि र पा . क रो
१ ३ + ८ . १ ३ +

रें नी सां ऽ सां प ग | ग म प म प ऽ ग ऽ रेसा सा नीं सा गमग |
. . . मो . पे | स . . ब . ज . न उ च्चा र . त |
८ १ ३ + ७

प ध म॒ प ऽ सां रें नी सां ऽ सां प ग ग म मध म॒ प गम मप ग
ति . . . हा . . . रो . . ना . . . . . म
१ ३ + ८

रेसा ग म प म प ऽ
. प . . र . | ताप

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क्र. ५३ राग–सावनी, झपताल

देव देव सत संग श्रीरंग बावारंग सब शिवके कारन आये ॥ ध्रु० ॥
जबसे बाबा ढिंगरी प्रल्हाद समान रक्षण कीजे संकट दूर करो मुरारी ॥१॥

| | | |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क्र. ५४ राग–सावनी, तीनताल (मध्यलय)

हँसत कहौं मैं तोसौं प्यारी। मनमैं कछू बिलग जनि मानै, मै तेरी महतारी ॥ ध्रु० ॥ बहुतैं दिवस आजु तू आई, राधा मेरे धाम। महरि बड़ी मैं सुघरि सुनी है, कछु सिखयो गृह काम ॥ १ ॥







॥ अंतरा ॥







Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग—सरस्वती

इस रागमें मध्यम तीव्र और निषाद कोमल लगता हैं। गांधार वर्जित हैं। आरोहमें निषाद वर्जित है।

समय—रात्रीम वादी—पंचम संवादी—रिषभ

राग का मुख्य अंग—नि् ध प, म॒ प॒रे सा जाति—औडव-पाडव

आरोह—सा रे म॒ प ध सां

अवरोह—सां नि् ध प, म॒ प॒रे ऽ सा

विशेष—यह राग दाक्षिणात्य पद्धतीका है। वाचस्पती मेलसे उत्पन्न होता है। यह राग कठिन होते हुए अत्यंत मधुर है। यह राग बहुत पुराना है। पुराने पुस्तकोंमें यह रागका निर्देश किया गया हुवा दीखता है। इस रागके निकटवर्ती कामोद इत्यादि राग है। निम्न लिखित आलापोंसे भलीभाँति रागका स्वरूप स्पष्ट होगा।

आलापः— १ सा, सानिंधपं, पंसा, सारे, म॒रे, सा

२ सा, सारे, रेम॒पम॒प, प॒परे, रेम॒ऽप॒रे, म॒रे, सा

३ सारे, रेम॒प, म॒ प॒ धप, ध म॒पऽप॒रे, रेम॒प॒रे, सा

४ सारेप॒म॒प॒म॒प, म॒ प॒ धऽप, प॒ ध निधप, प॒म॒प॒म॒प॒रेसा

५ सारेम॒पऽ म॒ प॒ धऽप, प॒ ध म॒ प॒ सांऽसांनि्सांनि्धसां, सां रे॒ सांनि्धप, प॒ ध नि् प॒ ध निधप, प॒म॒प॒म॒प॒रे, रे॒ म॒ प॒ रे॒ म॒ प॒रे, सारेसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

६ रे॒ म॒ प॒ ध॒ म॒ प॒ धप, प॒ ध॒ म॒ प॒ सा॑, सा॑ रे॑सा॑, सा॑ रे॑म॑ रे॑सा॑, रे॑, रे॒ नि॒ सा॒नि॒धप, प॒ ध॒ नि॒ध, म॒ प॒ ध॒ प^{प}रे, रेम॒प^{प}रे, सा

७ $^{सा}$नि॒$^{सा}$नि॒धंसा, रेस , म॒^{प}रे, ध^{म}प, नि॒धप, ध॒ प॒ म॒प, सा॑ $^{सा}$नि॒$^{सा}$नि॒धप, रे॑सा॑, $^{सा}$नि॒$^{सा}$नि॒धसा॑, रे॑सा॑, म॒^{प}रे॑, ^{प}रे॑सा॑, रे॒ सा॒नि॒धप, प॒ धध॒नि॒धप, ध॒ प॒म॒प, ^{प}रे, म॒रे, ^{म}रेसा

८ रे॒ म॒ प॒ ध॒ म॒ प॒ धप, प॒ ध॒ नि॒ प॒ ध॒ नि॒धप, ध॒ सा॒ रे॒ ध॒ सा॒ रे॑सा॑नि॒, धध॒सा॑सा॑सा॒ रे॑ रे॑ रे॒ म॑^{प}रे॑, सा॑$^{सा}$नि॒$^{सा}$नि॒धप, म॒प॒ ध॒ म॒ प॒ धप, प^{प}रे, रे रे॒ म॒म॒म॒पप प॒ ध^{म}प^{प}रे, रे॒ म॒ प॒ रे॒ म॒ प^{प}रे, सारेसानि॒धंसा

तानः – ९ सासारेरेसासा, सासारेरेम॒म॒रेरेसासा, सासारेरे म॒म॒पपधधपपम॒म॒पपरेरेसासा, सासारेरेम॒म॒पपधनि॒धपम॒प रेरेसासा, सासारेरेम॒म॒पपधसा॑नि॒धम॒पधधम॒म॒पपरेरेसासा, सासारेरेम॒म॒पपधसा॑ रे॑सा॑नि॒धम॒पधधम॒म॒पपरेरेसासा, सासा रेरेम॒म॒पपधसा॑ रे॑ रे॑सा॑सा॑म॑म॑ रे॑ रे॑सा॑सा॑धनि॒धपम॒परेरेसासा

१० म॒पधपम॒परेरेसासा, म॒पधनि॒धपम॒म॒पपरेरेसासा, म॒पधसा॑ नि॒धम॒पधनि॒धपम॒परेरेसासा, म॒पधसा॑ रे॑सा॑नि॒धम॒परेरेसासा, म॒पधसा॑ रे॑ रे॑म॑म॑ रे॑ रे॑सा॑सा॑धनि॒धपम॒परेरेसासा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

११ सारेरे-रेमम-मपप- पधध- धसांसां- सां रें रें- धसांसां- धनिंनिं-पधध-मपप-रेमम-सारेरे-धंसासा

१२ रेमम-रेमम-रेसा-पधध-पधध-पम- धसांसां- धसांसां- निंध-सां रें रें-सां रें रें-सांनिं-रेंमंमं-रेंमंमं-रेंसां-धनिंनिं-धनिंनिं-धप-पधध-पधध-पम-रेमम-रेमम-रेसा

१३ सारेमप-धमप- धमप- मपधसां- रेंसांसां- रेंसांसां- सां रें मंमं-रेंमंमं-रेंमंमं-रेंसां-धसां रें रें-सां रें रें-सां रें रें-सांनिं-पधनिंनिं-धनिंनिं-धनिंनिं-धप-मपधध-पधध-पधध-पम-रेमपम- मपम- मपम- रेरे- सारेमम- रेमम-रेमम-रेसा

१४ पपममरेरे-धधममपपरेरे- निंनिंधपमपरेरे-सांसांनिंनिंध०-रें रेंसांसांनिंनि-मंमं रें रें-सांसां-रें रें- सांसांनिंनिं- सांसां निंनिंधध-निंनिंधधपप, धधपपममपपममरेरे-ममरेरे-सासा

१५ सारेमपधध-पधध-पधध-पम-मपधसांसां-धसांसां-धसांसां निंध-पधसां रें-सां रें रें-सां रें रें-सांनिंधप-मप- धनिंनिं-धनिंनिं-धप, रेमपधंध-पधध-पधध-पम-सारेमप- मपप-मपप-मरेनिंधंसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क. ५५ राग–सरस्वती, ख्याल; एकताल

श्रीगुरुदेव भरोसे साँचो। अष्टजाम गुरुध्यान हिये धरू, मारो काम क्रोध रिपु पाँचो ॥ ध्रु० ॥ तन मन धन सर्वसलै अरपौ, श्रीगुरु कृपा भक्ति रँग राचौ ॥ १ ॥

—युगलप्रिया कृत



॥ अंतरा ॥



Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क्र. ५६ राग–सरस्वती, तीनताल (मध्यलय)

लगन म्हारी लागी चतुर भुज राम । इयाम सनेही जीवन येही औरनसे क्या काम ॥ध्रु०॥ नैन निहारूं पलन बिसारूं सुमिरू निसदिन इयाम॥१॥







॥ अंतरा ॥





Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग—धूंडिया-मल्हार

इस राग में गान्धार कोमल और दो निषाद लगते हैं। बाकी सब स्वर शुद्ध हैं।

साधारण रूपसे रागका मुख्य अंग—मरे प, नि् ध प मु रे, मग् मग् म प म मु रे सा

साधारण रूपसे आरोह अवरोह का चलन—सा मरे प, नि् ध नि सां, सां नि् ध प, मु रे, मग् मग् म प म मु ड रे सा

विशेष—यह राग मल्हारका एक अप्रचलित प्रकार है। इसमें चलन सब मल्हारका ही है। केवल अवरोहमें 'नि् ध प, सां नि् ध प मु रे, मग् म रे ड सा' ऐसे नारायणो या सूरमल्हारके स्वर लिये जाते है। बाकी स्वरोंका वर्ताव या चलन मल्हारका ही करते है। सां नि् ध प मरे, यह स्वर गाकर फिर मल्हार जोड देते है। 'मग् मग् म प म मु रे सा' यह राग बहुत ही सुननेमें कम आता है। हमारे सुननेमें जो आया उसका शुद्ध स्वरूप वाचकोंके सामने रखनेका प्रयत्न किया है। अप्रचलित राग होनेसे मतभेदका भी संभव है। वादी संवादी पंचम-षड्ज मानना उचित होगा। सारंगका भी चलन बीचमें आता है। इसीको धूलिया मल्हार भी कहते है।

आलाप:-- १ सा रे सानींनिंनींसा, सारेसा, मग्मग्मरेसा

२ सारेपमग्मग्, मरेमप, नि् मु पमरे, मग्मग्मरेसा

३ सामरेमप, निधप, नि् मु परेमग्मग् मु प म मु रेसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

४ सा^{म}रेपनिनीसां, सां रें नी सांनिधप, प नि म प^{म}रेप, निधप, ^{म}रे, ^{म}ग्^{म}ग् म प म म^{म}रेसा

५ म प ध नीसां रें सांनीनिधनीसां, सां रें^{म}ग्म रेऽसां, सां रें नी सांनिधप, मनिधप, ध म प^{म}रे, ^{म}ग्^{म}ग्मरेसा

तानः— ६ सासारेरेसासा, सासारेरेपपग्मरेसा, सासामरेपप निधपमपपरेरेग्मरेसा,सासामरेपपनिधनीसांनिधपमपपरेरेग्मरेसा

७ सारेरे–रेपप–ग्मरेसा, सारेरे–रेपप–मनि नि– पधध– मपप– रेपप–मरेरे–ग्मरेसा

८ मपममरेसा– निसांनिनिपम– रें^{म} रेसांनिसां– सांनिधपमप– मनिधपमरे–ग्मग्मरेसा

९ मपधनीसां रेसांनिधप– नीसां रें^{म} रेसांनीसां– रेसांनिधपम– निपमरे–ग्मरेसा

क्र. ५७ राग–धूंडिया-मल्हार, ख्याल; एकताल

इयाम मोरी आखन बीच समाय रह्यो लोक जाने कजरारे ॥ धृ० ॥ घुंघट ओट छिपाए न छिपत मेहेरबान प्रेम प्रीत की झगरारे ॥ १ ॥

| | | |

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



॥ अंतरा ॥



क्र. ५८ राग–धूंडिया-मल्हार, तीनताल (मध्यलय)

बादल गरजे बोले मोर ननदी छुवो छोर ॥ ध्रु० ॥ मनरंग पिया तोरे पैयां परूंगी फिर आऊंगी भोर ॥ १ ॥



Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

॥ अंतरा ॥

म	प	सां	सां	मंरें	मं	रें	सां	रें	मंग्ं	ऽ	मं	मंरें	सां	म	प	नी	सां	ऽ	नि्
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	—	—	◡	◡	◡	◡	०	०
म	न	रं	ग	पि	.	या	.	तो	.		रे	पै	यां	प	.	रूं	.		गी
+				७				१				३		+					

नि्म	म	प	सांनि्	ध	प	मरे	मग्	मग्	म	सारे	सा
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
फि	र	आ	.	ऊं	गी	.	भो	.	.	.	र
७				१				३			

राग—चरजूकी-मल्हार

इस राग में गांधार कोमल हैं, और दो निषाद लगते है। बाकी सब स्वर शुद्ध हैं।

साधारण रूपसे आरोह अवरोहका चलन—सा मरे प नि् नी सां, सां प ध प, प मग् मग् म रे, ग् सा, सा मरे प, म प नी नी सां, रें मंग्ं मंरें सां, सां प ध प, मग् म रे, ग् सा।

विशेष—यह राग मल्हारका एक प्रकार है। बहुत अप्रसिद्ध राग है। इसमे 'सां प ध प' यह स्वर देशीके है। 'रे ग् सा' यह स्वर समाप्तीमें लेना चाहिये। बाकी सब मल्हारका ही चलन रहता है। 'सा म रे प सां' यह स्वर पंक्ती मल्हारके चलनसे अलग रहती हैं। पुराने गीतोंमें यह स्वर पंक्ती मिलती है। इसके चलन और विस्तारमें मतभेद होना संभव है। मल्हार का स्वरूप सा मरे प, इन स्वरोंसे होता है। मल्हारके प्रकारमें यह स्वर पंक्ती न आती तो उसको मल्हार प्रकार नहि समझ सकते है। इसके वादी संवादी पंचम षड्ज है। रात्रीमें या वर्षाऋतूमें चाहे उस समय गाते है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आलाप:-- १ सा रे सानींनींसा, सारेसा, सारे^{म}ग्^{म}ग्^{म}रेग्सा

२ सा^{म}रेप, पधप, ध म प^{म}ग्^{म}ग्मरेऽग्सा

३ सा^{म}रेप, न्निनीसां, सां रें न्निसांपधप, ^{म}ग्^{म}ग्रेग्सा

४ मपनीनींसां, सां रें^{म}ग् रेग्सां, सां रें नीसांपधप, न्नि म प^{म}ग्^{म}ग्, मरेग्सा

५ प^{म}ग्^{म}ग्, मरेग्सा, न्निमप, सांपधप, रेंसां, ^{म}ग्ंम रेंसां, सांप, धप, ध म प^{म}ग्^{म}ग्^{म}रेग्सा

तान:-- ६ सासारेरेपपग्मरेग्सा,सासामरेपपन्निन्निमपग्मरेग्सा, सासामरेपपन्निधनीसांसांसांपपधधपपमग्ममंरेग्सा

७ ग्मम-ग्मम-रेग्सा-पन्निन्नि-मपप-ग्मम-रेग्सा- सां रें रें-न्निसांसां-पधध-मपप-रेमम-रेग्सा

८ मपमम-रेग्सा- न्निसांन्निन्निपमरेग्सा- सांसापप- रें रेंसांसां-पपधधपप-रेरेग्सा

९ मपधनीसां रेंमंम रेंसांनीसां-रें रेंनीसां-पपधधपप- न्निन्निमप-मग्मम-रेरेग्सा

क्र. ५९ राग-चरजूकी-मल्हार, ख्याल; एकताल

मोर् बुलाई सावनकी ऋतु बन घन डार डार ॥ ध्रु० ॥ साजन आए मोरे री अंगना लेहो बलैया हो बार बार ॥ १ ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

निं सा सा म रे म गु म रे प प | सां नी सां ऽ नि प म गु ऽ म गु रे म गु म गु
० ० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
मो र् छु ला . . ई | सा . . व न की . ऋ तू .
११ १

म रे गु सा नीं सा म रे प नि नि प म गु म गु म रे गु सा
० ० — ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
व . न घ न डा . . र . डा . र . .
५ + ९

॥ अंतरा ॥

म प नी सां सां | सां सां रें मं गं मं रें सां सां रें नी सां सां सां प
० ० ० ० ० | — ० ० ० ० ० ० ० ० ० — ० ०
सा ज न . आ | ये मो रे ' . . री . अं ग . ना ले .
११ १ ५

ध प प नि ध सां म प म गु म गु म रे रे गु सा सा
० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
. हों व लै . . या हौं वा . र बा . र
+ ९

क. ६० राग–चरजूकी-मल्हार, तीनताल (मध्यलय)

पिया बिन आज मैको बादरवा डरावे ननदी ॥ ध्रु० ॥ कहां करूं कछु बस नहिं मेरो रैन दिना मैको बिरह सतावे ॥ १ ॥

प गु म रे सा रे रे प प | सां ऽ नि प म गु म गु रे गु सा रे म प |
० ० ० ० ० ० ० ० | — — ० ० — — ० ० ० ० ० ० |
पिया . बि न आ ज मैको | बा द र वा . ड रा . वे मैको |
+ ७ १ ३ + ७

नि म प म गु म रे गु सा
० ० — — ० ० ०
न न . दी . . .
१ ३

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

॥ अंतरा ॥

म प नि॒ ध नी सां सां सां | नी सां रें रें मंग॒ं मं रें सां सां प प ध प
० ० ० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० –
क हां . क रूं . क छु | व स न हि मे . रो . रैं . न दिना
+ ७ १ ३ + ७

नि॒ नि॒ म प | मग॒ मग॒ मग॒ म रे ग॒ सा सा
◡ ◡ ◡ ◡ | ० ० ० ० – ◡ ◡ ०
मै . को . | थि र ह स ता . . वे
१ ३

राग—कौशिक-कानडा

(दुसरा प्रकार)

इस रागमें गांधार, धैवत और निषाद कोमल लगते है। बाकी सब स्वर शुद्ध है।

जाति—संपूर्ण समय—रात्रीमें

वादी—षडज संवादी—पंचम

राग का मुख्य अंग—मग॒ मग॒ म प, मग॒ म रे सा, सा◡ग॒मग॒नि॒ंसासा

आरोह—सा रे मग॒ म प नि॒ध॒ नि॒ सां

अवरोह—सां प नि॒ प, म प मग॒, सा ग॒ म ग॒ नि॒ं सा

विशेष—यह राग कानडा मालकंसके मेलसे बना है। मालकंस अंग और बागेश्री अंगके दो कौशिक कानडे राग विज्ञान भाग ६ में छपे हुवे है। उसमें मालकंस अंगमें मालकंस जादा है और बागेश्री अंगमें नायकी राग जादा है और बागेश्री कम है। इसी तरह इस कौशी कानडे में कानडा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

या नायकी कानडा जादा है और मालकंस बहुत थोडा है। यह राग आग्रेवाले घरानेके गायक ऊपर दिये हुवे स्वरोंके अनुसार गाते है। यह प्रकार बहुत साधा है। परंतू इसका भी प्रचार है। इसलिये इस राग के दो गीत उसी घरानेमे बने हुवे मिले वह दिये है। आलाप तानोंको देखनेसे राग स्पष्ट हो जायगा।

आलापः— १ सानिं पं निंपं, सारेमग्मरेसा, सा गु म गुनिंसा

२ सारेमग्मग्मप, निपग्मरेसा, निंसाग्गध्मंनिंध्सा

३ ग्मनिंध्निसां, सां, नि सां रेंसांनिंपनिप, नि म पमग्, सा गु मनिंग्सा

४ रेसा, सा रे ग्रेंसानिंपनिंपं, सा, सा गु म ध् निसां, नि प नि प, मग्मं रेंसांसांपनिप, मग्मरेसा, निंसाग्सा

तानः— ५ निंसारेरेनिंसा, ग्मरेसानिंसा, सारेग्मपग्मरेसा, ग्मनिपमपसांसांपनिंमपग्मग्सानिंसा, ग्मनिपसांसांग्मं रेंसांनि पमपग्मग्सानिंसा

६ साग्मपनिनि—पनिनि—मपप— ग्मग्सानिंसा, साग्मपनिंसां रे रेंसांनिग्मं रेंसां—निंसाग्गंसांनि—पनिपम—ग्मग्सा

७ निंसाग्मध्निसांनि—सां रे रे—सां रे रे—सांनि—सां रेग् रेंसांनि पनिमपनिनि—पनिनि—मपप—ग्मग्सानिंसा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

८ पपग्मरेसा–ग्ग्सानिंध्ंनिं– सासारेरेपप– ग्मरेसा, ग्मरेसा–
पनि्पम–सांग्ंसांनि्–पनि्मप–ग्मरेसा–ग्ग्सानिं्सासा

९ सारेरे–रेग्ग्–ग्मम–मपप–पनि्नि्–नि्सांसां–सां रें रें-रेंग्ंग्ं–
सां रें रें–नि्सांसां–ध्नि्नि्–मपप–ग्मम–साग्ग्–निं्सासा

क्र. ६१ राग–कौशी-कानडा, ख्याल; एकताल (दुसरा प्रकार)

नैया मोरी पार करो अब आन परी मझधार ॥ धृ० ॥ प्रान तिहारे दास अलीजीं तुमही लगावो बेडा पार ॥ ० ॥

सा रे ऽ सा रे ग् रे सा निं्पं निं् पं | सा ऽ निं् सा रे मग् मग् म
ए . . . . नै . या . . | मो . . री पा . र
११ १ ५ +

प प मग् गग् म सा ऽ निं् सा रेनिं् सा सा | सा ऽ रे रे सा निं् सा
क रो . . . . अ ब आ न प | री . . . . .
९ ११ १

ऽ निं् सा ग् ग्ध्ं मं निं्ध्ं सानिं् ग्सा सा ग् म ग् मनिं् सा सा
. म झ धा . . . . . र
५ + ९

॥ अंतरा ॥

मग् म नि्ध् सांनि् सां ऽ नि्सां | सां नि् सां रें रें सां सां ऽ रें नि्
प्रा . न ति हा . . | रे दा . . स . अ . . ली
११ १

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



क्र. ६२ राग–कौशी कानडा, (दुसरा प्रकार) तीनताल (मध्यलय)

कासे कहूं आली मनकी व्यथा कोउ दरदी न जाने ॥ ध्रु० ॥ लाख जतन कर हारी वारी गइली प्राण पिया विनती मोरी इकहूं न माने ॥१॥



Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

॥ अंतरा ॥


म ग् म ध् नि् सां सां सां सां | नि् सां रें सां सां रें ग् रें सां प नि् प
० ० ० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
ला . ख ज त न क र | हा . . रि वा . . री गै ली ..
+ ७ १ ३
म ग् म रें सां प नि् म प | म ग् म रे सा सा ग् म ध् नि् सां ध् नि् सां
० ० ० ० ० ० ० ० | ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ० ०
प्रा . ण प्रि या . बि न | ती . मो री इ क हूं न मा . . . ने
+ ७ १ ३ +

राग—गारा

इस रागमें दो गांधार और दो निषाद लगते हैं। बाकी सब स्वर शुद्ध हैं।

जाति—ओडव-संपूर्ण समय—रात्रीमें

वादी—गांधार संवादी—निषाद

अंग का मुख्य अंग—सा ग म प ग म ग, रे ग् रे सा नीं रे सा नि् धं

आरोह—सा ग म प ध नी सां

अवरोह—सां नि् ध प म ग, रे ग् रे सा, नीं रे सा नि् धं सा

विशेष—यह राग खमाज अंगसे गाया जाता है। इसमे थोडा झिंजोटी का भास होता है। यद्यपि 'रे ग् रे सा नीं रे सा नि् धं' इन स्वरोंसे झिंजोटीसे अलग रहता है। कभी कभी जैजैवंतीका भास भी होता है। गाराकी चीजें जैजैवंतीकी समझ कर भी गाते है। कोमल गांधार का उपयोग आरोह में ही किया जाता है। इसका विस्तार मंद्र मध्य सप्तक में जादा करते है। मन्द्र के मध्यमको सा मानकर खमाज राग गानेसे

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

